RAF SECTOR
NEWS CLIP
13/12/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

United,Prayagraj, (UP)

आरएएफ ने गंगा तट पर चलाया सफाई अभियान

फाफामऊ: प्रयागराज। १०१ आर०ए०एफ० द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत कमाण्डेंट मनोज कुमार गौतम की अगुवाई में शनिवार को संगम तट पर भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति की प्रतीक माँ गंगा के पावन तट पर बृहद रूप से स्वच्छता अभियान चलाया गया। सफाई अभियान में आर०ए०एफ० के १०० जवानों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान गंगा तट पर बिखरी प्लास्टिक व फूल-माला आदि कचरे को बाहर निकालकर जैविक कचरे को तट से दूर गड्ढे में दबाया गया तथा अजैविक कचरे को नगर निगम के कूड़ादान में डाला गया। इस मौके पर वाहिनी के कमाण्डेंट मनोज कुमार गौतम ने स्थानीय लोगों को स्वच्छता के बावत जरूरी जानकारी साझा किया। इस मौके पर डॉ० के०के० सिंह मुख्य चिकित्साधिकारी १०१ बटालियन, नरेन्द्र कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, विनोद कुमार उप कमा०, बृजेश दुबे उप कमा०, टी०एन० सिंह उप कमा० सहित अधिनस्थ अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

Vaibhav,Meerut, (UP)

आरएएफ 108 बटालियन में विश्व एड्स दिवस के महा जागरूकता अभियान का हुआ समापन

वैभव न्यूज ■ मेरठ

आरएएफ 108 बटालियन में स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग व रासेयो तथा कावा समिति के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे विश्व एड्स दिवस के महा जागरूकता अभियान का देर शाम समापन हो गया। समापन समारोह में आरएएफ 108 बटालियन के मेन्स क्लब में कावा समिति की अध्यक्ष अनिता प्रसाद, डा. हिरो हितो, डा. राहुल बंसल, डा. नीरज कर्ण सिंह के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने भाग लिया। आरएएफ कमांडिंग ऑफिसर राजेन्द्र प्रसाद ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि एड्स महा जागरूकता अभियान द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से एड्स से रोकथाम हेतु जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि रोग मुक्त भारत बनाने हेतु जागरूक नागरिक बनकर देशहित में कार्य करने चाहिए।

अनिता प्रसाद ने कहा कि जागरूकता से ही परिवर्तन आता है। डा. हिरो हितो ने कहा कि जिस प्रकार आरएएफ 108 बटालियन ने विश्वविद्यालय के साथ विश्व एड्स दिवस के अवसर पर दस दिवसीय महा जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगो को एड्स के प्रति विभिन्न माध्यमों से विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया है, यह सराहनीय बात है। इस मौके सुनील संजन, नीरज चौधरी, डा. दीपिका, धमेन्द्र कुमार, सीमा शर्मा, मुकेश कुमार, पल्लवी त्यागी सहित रासेयो स्वयं सेवकों ने प्रतिभाग किया।

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

101 BN RAF SWACHHTA PAKHWADA, PRAYAGRAJ, UTTAR PRADESH.

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।